भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 636**

दिनांक 29.04.2015/9 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**चीन द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा को बढ़ावा दिया जाना**

**636. श्री परवेज़ हाशमी :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में पूर्वोत्तर राज्यों में गिरफ्तार किए गए कुछ उग्रवादियों ने यह खुलासा किया है कि चीन देश के पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा को बढ़ावा दे रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क) से (ग) : ऐसी सूचना है कि पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय विभिन्न विद्रोही/आतंकवादी गुट चीन-म्यांमार के सीमावर्ती नगरों और दक्षिण-पूर्वी एशिया से शस्त्र और परिष्कृत हथियार प्राप्त करते हैं । चीन की प्रत्यक्ष संलिप्तता की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है । इस प्रकार के भूमिगत आतंकवादी/विद्रोही गुटों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है । इन गुटों के विधि-विरुद्ध क्रियाकलापों का सामना करने के लिए, केन्द्र सरकार, अन्य बातों के साथ-साथ, गहन विद्रोह-रोधी अभियान चलाने के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और परियोजनाओं को सुरक्षा प्रदान करने, खतरे के आकलन के आधार पर सीमा सुरक्षा बलों द्वारा अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं की प्रभावी सुरक्षा, आसूचना के आदान-प्रदान पुलिस आधुनिकीकरण स्कीम के तहत स्थानीय पुलिस बलों और आसूचना एजेंसियों के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता, सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा संबंधी व्यय स्कीम के माध्यम से तथा इंडिया रिजर्व बटालियनों के रुप में अतिरिक्त बलों के गठन आदि जैसे विभिन्न उपायों के माध्यम से राज्य सरकारों के प्रयासों को सम्पूरित करती है ।**

---